आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 04.11.2026
समय 1830

मुख्य समाचार :

- सीडीएस जनरल एन.एस. राजा सुब्रमणि ने कहा– 25 प्रतिशत अग्निवीरों को नियमित सेना में शामिल किया जाएगा, जबकि शेष 75 प्रतिशत को संशोधित योजना के तहत दो वर्ष की अतिरिक्त सेवा का अवसर मिलेगा।
- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 850 फास्ट–ट्रैक कोर्ट को मजबूत करने और उनके विस्तार को मंजूरी दी।
- केदारताल ट्रैक पर रेस्क्यू अभियान में दो और शव बरामद, अन्य लापता लोगों की तलाश जारी।
- पौड़ी जिले में पेंशनरों की सुविधा के लिए नवंबर माह में राष्ट्रीय डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान चलाया जा रहा है।

अग्निपथ योजना

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल एन.एस. राजा सुब्रमणि ने कहा है कि अग्निवीरों में से 25 प्रतिशत को योग्यता के आधार पर नियमित सेना में शामिल किया जाएगा, जबकि शेष 75 प्रतिशत अग्निवीरों को संशोधित योजना के तहत दो साल की अतिरिक्त सेवा का अवसर मिलेगा।

उन्होंने बताया कि अग्निपथ योजना 14 जून 2022 को शुरू की गई थी। इसके तहत अग्निवीरों के प्रदर्शन का लगातार मूल्यांकन किया जा रहा है और अब तक उनके प्रदर्शन को लेकर सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है।

जनरल सुब्रमणि ने कहा कि अतिरिक्त सेवा अवधि पूरी होने के बाद इच्छुक अग्निवीर निर्धारित चयन प्रक्रिया के माध्यम से सशस्त्र बलों में शामिल होने का अवसर प्राप्त कर सकेंगे।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बलात्कार और बच्चों के यौन अपराधों से संरक्षण अधिनियम से जुड़े मामलों की त्वरित सुनवाई के लिए फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट की केंद्र प्रायोजित योजना को अगले पांच वर्षों तक जारी रखने की मंजूरी दी है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज पत्रकारों को ये जानकारी दी।

केदारताल ट्रैक

उत्तरकाशी के केदारताल ट्रैक पर लापता ट्रेकर्स और स्थानीय गाइड की तलाश में चलाए जा रहे सर्च एवं रेस्क्यू अभियान के दौरान आज दो और शव बरामद किए गए। इसके साथ ही लापता आठ लोगों में से अब तक चार के शव मिल चुके हैं, जबकि चार अन्य की तलाश जारी है।

दुर्गम परिस्थितियों के बावजूद केदारताल क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन लगातार जारी है। रेस्क्यू टीमों के लिए आवश्यक रसद और अन्य सामग्री हेलीकॉप्टर के माध्यम से पहुंचाई जा रही है।

प्रशासन द्वारा रेस्क्यू टीमों की सुरक्षा और आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र

पौड़ी जिले में पेंशनरों की सुविधा के लिए नवंबर माह में राष्ट्रीय डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पेंशनरों को डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र बनवाने के साथ स्वास्थ्य सेवाओं, साइबर धोखाधड़ी से बचाव और पेंशन संबंधी अधिकारों की जानकारी दी जाएगी।

मुख्य कोषाधिकारी नमिता सिंह ने सभी पेंशनरों से अभियान में भाग लेकर उपलब्ध सुविधाओं का लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत एक से सात नवंबर तक पेंशनर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

राज्य स्थापना दिवस

उत्तरकाशी में राज्य स्थापना दिवस कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत आज काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर में निःशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 273 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें चिकित्सा परामर्श और निःशुल्क औषधियां वितरित की गईं।

इस दौरान चिकित्सकों ने लोगों को मौसमी बीमारियों से बचाव, संतुलित आहार और नियमित योग के महत्व की जानकारी दी।

मिशन मुस्कान

दीपावली के अवसर पर टिहरी पुलिस ने मिशन मुस्कान के तहत बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस और सीआईयू की टीम ने वर्ष 2026 में अब तक 60 गुम और चोरी हुए मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों को लौटाए हैं। बरामद मोबाइल फोन की अनुमानित कीमत 16 लाख रुपये से अधिक है।

मोबाइल फोन वापस मिलने पर लोगों ने खुशी जताते हुए पुलिस का आभार व्यक्त किया। वहीं, टिहरी भ्रमण के दौरान मोबाइल खोने वाले दूसरे राज्यों के पर्यटकों को उनके फोन डाक के माध्यम से भेजे जा रहे हैं।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे ने कहा कि पुलिस का दायित्व अपराध नियंत्रण के साथ ही आमजन का विश्वास मजबूत करना भी है।

अर्ध कुंभ मेला 2027

हरिद्वार में आगामी अर्ध कुंभ मेला 2027 के लिए विभिन्न स्तरों पर तैयारी चल रही हैं। इस दौरान धर्मनगरी हरिद्वार के सौंदर्य करण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अपर मेलाधिकारी दयानंद सरस्वती ने बताया कि कुंभ नगरी को धार्मिक स्वरूप देने के लिए दीवारों और फ्लाईओवर पर कुंभ थीम की धार्मिक पेंटिंग की जा रही है।

जैविक आलू

चमोली जिले के सीमांत क्षेत्र नंदानगर के रामणी गांव में उद्यान विभाग की पहल से जैविक आलू उत्पादन को बढ़ावा मिल रहा है। जैविक खेती की यह पहल स्थानीय युवाओं के लिए स्वरोजगार और ग्रामीण आजीविका का माध्यम बन रही है।

उद्यान विभाग के नर्सरी प्रभारी के.एल. आर्य ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में अब तक 25 क्विंटल से अधिक आलू की खुदाई की जा चुकी है। वहीं, 25 नाली क्षेत्र में लगी फसल की खुदाई होना अभी बाकी है।